प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

19.05 मंगलवार दिनांक 18.06.2024

मुख्य समाचारः—

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इक्कीसवीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका है।
- श्री नरेन्द्र मोदी ने ग्राम पंचायत प्रमुखों को पत्र लिखकर योग और मोटे अनाज के बारे में जागरूकता लाने का आग्रह किया है।
- मुख्यमंत्री ने सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिले में तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का भुगतान नगद करने के निर्देश दिए।
- उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी नगरीय निकायों के लिए विकास योजना बनाने के निर्देश दिए हैं।

प्रधानमंत्री—किसान सम्मान निधि

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की सत्रहवीं किस्त जारी की। इस योजना के तहत नौ करोड़ छब्बीस लाख से अधिक किसानों को बीस हजार करोड़ रुपये से अधिक का लाभ मिलेगा। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इक्कीसवीं सदी के भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में पूरी कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान भाई—बहनों का जीवन आसान बनाने के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है।

श्री मोदी ने कहा कि दुनिया के लोकतांत्रिक देशों में ऐसा बहुत कम ही देखा गया है कि कोई चुनी हुई सरकार लगातार तीसरी बार वापसी करे। लेकिन इस बार भारत की जनता ने ये भी करके दिखाया है।

प्रधानमंत्री—ग्राम प्रमुख आग्रह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ग्राम पंचायत प्रमुखों को पत्र लिखकर योग और मोटे अनाज के बारे में जागरूकता लाने का आग्रह किया है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से कहा है कि पंचायत परिसरों, विद्यालयों, आंगनबाड़ियों और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर योग आधारित कार्यक्रमों का आयोजन करें और लोगों को तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करें।

आगामी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए ग्राम पंचायतों के सभी निवासियों को शुभकामनाएं देते हुए श्री मोदी ने इस आयोजन को योग के वैश्विक प्रभाव और लोगों के जीवन पर इसके सकारात्मक असर का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का विषय है — स्वयं और समाज के लिए योग। इससे एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण की दिशा में सरकार के प्रयासों को और बढ़ावा मिलेगा।

छत्तीसगढ़ में इक्कीस जून को राज्य में आयुष द्वारा संचालित सभी चार सौ आयुष्मान आरोग्य मंदिर और चौबीस योगा वेलनेस सेंटर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा पांच दिवसीय योग शिविर का आयोजन भी होगा।

मुख्यमंत्री—निर्देश

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सुकमा, बीजापुर और नारायणपुर जिले में बैंक शाखाएं दूर होने के कारण तेंदूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का भुगतान नगद करने के निर्देश दिए हैं। प्रधान मुख्य वन संरक्षक व्ही. श्रीनिवास राव ने बताया कि सभी नगद भुगतान जिला कलेक्टर की निगरानी में किए जाएंगे। पारिश्रमिक राशि के भुगतान की कार्रवाई पंद्रह दिन के भीतर पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। नगद भुगतान के लिए कौन से संग्राहक पात्र होंगे, इसका निर्धारण

भी कलेक्टर द्वारा किया जाएगा। हाट बाजार या अन्य स्थानों पर शिविर का आयोजन कर संबंधित संग्राहकों के तेन्दूपत्ता संग्रहण कार्ड में प्रविष्टि कर नगद भुगतान किया जाएगा। नगद भुगतान के पहले पर्याप्त प्रचार–प्रसार किया जाएगा और उससे संबंधित सभी कार्यों की वीडियोग्राफी भी कराई जाएगी।

इन शिविरों में उन तेंदूपत्ता संग्राहकों का आधार कार्ड भी बनाया जाएगा, जिनका अभी तक आधार कार्ड नहीं बना है। इसके अलावा बैंक खाते भी खुलवाए जाएंगे।

उपमुख्यमंत्री–समीक्षा

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सभी नगरीय निकायों के लिए विकास योजना बनाने के निर्देश दिए हैं। आज मंत्रालय में नगरीय प्रशासन विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए श्री साव ने बारिश के मौसम को देखते हुए सभी नगरीय निकायों में नालों–नालियों की सफाई बरसात के पहले सुनिश्चित करने को कहा है। उन्होंने जिला मुख्यालयों से संभागीय मुख्यालय आने–जाने के लिए सुलभ पब्लिक ट्रांसपोर्ट की कार्ययोजना तैयार करने के भी निर्देश दिए हैं। इसके अलावा उपमुख्यमंत्री ने नगरीय निकायों में परिसीमन का काम अट्‌ठारह जुलाई तक पूरा करने को कहा है।

बलौदाबाजार कलेक्टर–समीक्षा

बलौदाबाजार–भाटापारा जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से अवैधानिक, गैर कानूनी अथवा लोक शांति भंग करने वालों की जानकारी कंट्रोल रूम में देने की अपील की है। इसमें कहा गया है कि ग्राम पंचायत, नगर पंचायत या नगर पालिका क्षेत्र में कोई भी समूह या संगठन शांति भंग करने की दृष्टि से रणनीति बना रहा हो या बैठक कर रहा हो तो उसकी जानकारी जिला कंट्रोल रूम नंबर – नौ चार सात नौ एक – नौ शून्य छह दो नौ (94791–90629) में दें। जानकारी देने वाले व्यक्ति की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

गौरतलब है कि बलौदाबाजार में पिछले दिनों कलेक्टोरेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हुई आगजनी और तोड़फोड़ की घटना के कारण जिले में बीस जून तक धारा–एक सौ चवालीस लागू की गई है।

इस बीच, बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी ने आज स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि आयुष्मान कार्डधारी मरीजों के लिए अनुबंधित तेरह निजी अस्पतालों में इलाज के दौरान उन्हें किसी प्रकार की समस्या न हो। उन्होंने बीते दिनों जिला मुख्यालय में हुई तोड़फोड़ की घटना में पीड़ितों के निःशुल्क इलाज की व्यवस्था और दस्तावेजों का संधारण करने के निर्देश दिए।

वित्त मंत्री–पत्रकारवार्ता

वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने जमीन की रजिस्ट्री के सिस्टम में बड़े बदलाव के संकेत दिए हैं। राजधानी में पत्रकारों से चर्चा के दौरान एक सवाल के जवाब में श्री चौधरी ने कहा कि अभी रजिस्ट्री के सिस्टम में छोटे–छोटे बदलाव किए गए हैं।

विजय शर्मा–समीक्षा

इस बीच, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग के काम–काज की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों में महतारी सदन बनाए जाएंगे और ग्रामीण सचिवालय का आयोजन होगा। श्री शर्मा ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पीएम आवासों को कार्ययोजना बनाकर तेजी से पूरा किया जाए। अधिकारियों ने बताया कि बीते वर्ष एक दिसंबर से अब तक एक लाख उनतालीस हजार आवास का निर्माण कार्य पूरा हो गया है। जबकि, करीब बासठ हजार आवासों का निर्माण कार्य फिलहाल जारी है।

स्वास्थ्य विभाग–अनुमति

प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के शासकीय सेवकों को अब मुख्यमंत्री, मंत्री या विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मिलने से पहले विभाग से अनुमति प्राप्त करना होगा। यदि कोई शासकीय सेवक, विभागीय चैनल की अनुमति प्राप्त किए बिना मुख्यमंत्री, मंत्री या वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात करता है तो इसे कदाचरण माना जाएगा और संबंधित शासकीय सेवक के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ ने इस बारे में परिपत्र जारी कर दिया है।

कांग्रेस–धरना प्रदर्शन

बलौदाबाजार में बीते दस जून को कलेक्टोरेट और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में तोड़फोड़ और आगजनी की घटना के विरोध में आज कांग्रेस ने प्रदेश के विभिन्न जिला मुख्यालयों में धरना–प्रदर्शन किया। रायपुर में राजीव गांधी फायर ब्रिगेड चौक पर जिला कांग्रेस कमेटी ने विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, गिरीश दुबे, उधोराम वर्मा और अन्य कांग्रेसी नेता शामिल हुए।

वहीं, अन्य जिलों में भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने धरना–प्रदर्शन किया।

हाईकोर्ट–याचिका खारिज

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने भिलाई नगर निगम के बर्खास्त पार्षद इंजीनियर मोहम्मद सलमान की रिट याचिका खारिज कर दी है। हाईकोर्ट ने आज इस मामले की सुनवाई करते हुए कहा कि सलमान ने चुनाव आयोग को जो जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया था, वह फर्जी था। इस मामले में भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा और छाया पार्षद चंदन यादव ने दुर्ग संभागायुक्त से उनका निर्वाचन रद्द करने की अपील की थी।

आरंग घटना–युवक मौत

पिछले दिनों रायपुर जिले के आरंग में गौ तस्करी के आरोप में जिन तीन युवकों से मारपीट की गई थी, उनमें से गंभीर रूप से घायल तीसरे युवक की भी आज अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके बाद मृतक के परिजनों ने शव लेने से इंकार कर दिया और राज्य सरकार से मुआवजे की मांग की है।

गौरतलब है कि आरंग में सात जून की रात गौ तस्करी के आरोप में अज्ञात आरोपियों ने ट्रक में मवेशी लेकर जा रहे तीन युवकों को बुरी तरह से पीटा था, जिनमें से दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई थी। जबकि, एक अन्य युवक का इलाज मेकाहारा में चल रहा था। इस मामले की जांच के लिए राज्य सरकार ने एसआईटी का गठन किया है।

जूडो प्रतियोगिता

चौबीसवीं राज्य स्तरीय जूडो प्रतियोगिता में दुर्ग जिला चौबीस स्वर्ण, उन्नीस रजत और बारह कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल चैंपियन बन गया है। वहीं, बिलासपुर दूसरे और बलौदाबाजार–भाटापारा तीसरे स्थान पर रहा।
गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ प्रदेश जूडो संघ के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय यह प्रतियोगिता भिलाई में आयोजित की गई थी।

इस बीच, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर की दो टीम ने आर्म्ड फोर्सेज मेडिकल कॉलेज पुणे में आयोजित दो प्रतियोगिताओं में जीत हासिल की है। एक टीम को ओरल पेपर प्रजेटेंशन में प्रथम पुरस्कार और दूसरी टीम को क्विज में चौथा स्थान प्राप्त हुआ है।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। अगले दो से तीन दिनों में दक्षिण–पश्चिम मानसून के प्रदेश के कुछ और हिस्सों में पहुंचने के आसार है। बस्तर संभाग में कल से हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना के बीच मानसून उत्तर छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ सकता है। इसके साथ ही अरब सागर से आने वाली पश्चिमी हवाओं के कारण प्रदेश में वर्षा की गतिविधियों में तेजी आ सकती है।

मौसम विभाग ने कल प्रदेश में अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की है। वहीं, एक–दो स्थानों पर अंधड़ चलने तथा आकाशीय बिजली गिरने की आशंका है।

संक्षिप्त समाचार

अब कुछ खबरें संक्षेप में–

- राजधानी रायपुर के टैगोर नगर में स्थित माध्यमिक शिक्षा मंडल के भवन में आज आग लग गई। आगजनी की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया।
- मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में कल मंत्रालय में कैबिनेट की बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण फैसले लिए जा सकते हैं।
- रायपुर स्थित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था–आईटीआई में कल सुबह दस बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा।
- रायपुर जिले की गंज थाना पुलिस ने तेलघानी नाका चौक के पास से दो अंतर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब पच्चीस किलो गांजा जब्त किया है।